अद्‌भुत संसार



शिक्षण संकेत : चित्र ध्यान से देखें। सभी पशु–पक्षियों के नाम जानें और उनकी आदतों के बारे में चर्चा करें।

1 प्यारा भारत

कविता

पाठ चर्चा : बच्चो! हमारे देश में वह सब है जो हमें चाहिए। हम अपने देश के लिए क्या कर सकते हैं, आओ कविता पढ़कर जानें.......

भारत देश हमारा है
सब देशों से न्यारा है।

उच्च हिमालय मस्तक इसका
पग पर छलके सागर है।
नदियाँ भरी हैं शीतल जल से
झीलें, झरने गागर हैं।

पेड़ों पर लटके मीठे फल
धरती पर हरियाली है।
खेत-खलिहान हैं भरे अन्न से
हर घर में खुशहाली है।

देश हमें प्राणों से प्यारा
इसको सदा सँवारेंगे।
शांति, दया की राह अपनाकर
जग को आदर्श बनाएँगे।

भारत देश हमारा है
सब देशों से न्यारा है।

शब्दार्थ

न्यारा	अनोखा
पग	पैर, चरण
अन्न	अनाज

मस्तक	माथा
शीतल	ठंडा
राह	रास्ता

श्रुतलेख : न्यारा उच्च मस्तक खलिहान अन्न शांति आदर्श

अभ्यास

मौखिक कार्य........

❖ **उत्तर बताओ :**

क. हमारे देश का क्या नाम है?

ख. हिमालय पर्वत भारत का क्या है?

लिखित कार्य........

1. दिए गए प्रश्नों के विस्तृत उत्तर लिखो :

क. भारत के पैरों को कौन धोता है?

....

ख. हमें अपना देश कैसा लगता है?

....

ग. हम अपने देश को जग का आदर्श कैसे बना सकते हैं?

....

2. सही उत्तर के सामने ✓ चिह्न लगाओ :

क. भारत का मस्तक कौन है?

(i) हिमालय पर्वत ☐ (ii) नदियाँ ☐ (iii) सागर ☐

ख. खेत–खलिहान किससे भरे हैं?

(i) धन ☐ (ii) भोजन ☐ (iii) अन्न ☐

ग. भारत के लोग किसमें विश्वास रखते हैं?

(i) पढ़ने–लिखने में ☐ (ii) शांति–दया में ☐ (iii) खेल–कूद में ☐

3. कविता की पंक्तियाँ पूरी करो :

पेड़ों पर ....

.... हरियाली है।

.... हैं .... अन्न से

हर घर ....।

4. वाक्य पढ़कर ✓ अथवा ✗ चिह्न लगाओ :

क. भारत सब देशों से बिलकुल अलग देश है। ☐

ख. सागर हिमालय के शीश को धोता है। ☐

ग. भारत के लोग शांति और दया के मार्ग पर चलते हैं। ☐

भाषा की बात........

1. समान अर्थ वाले शब्दों के जोड़े बनाओ :

उच्च	मस्तक	आदर्श	समुद्र	शीतल	राह
माथा	ऊँचा	ठंडा	रास्ता	सागर	नमूना

........उच्च........ — ....ऊँचा........ | .... — ....

.... — .... | .... — ....

.... — .... | .... — ....

2. समान तुक वाले शब्द लिखो :

हमारा — .... सागर — ....

हरियाली — .... सँवारेंगे — ....

याद रखें : एक शब्द के एक से अधिक समान अर्थ बताने वाले शब्द **समानार्थी** अथवा **पर्यायवाची शब्द** कहलाते हैं; जैसे— मस्तक > माथा, किरीट, भाल।

3. अब दिए गए शब्दों के दो-दो समानार्थी शब्द लिखो :

नदी —	....	जल —	....
पेड़ —	....	घर —	....
धरती —	....	राह —	....
जग —	....	सागर —	....

4. दिए गए शब्दों के वर्ण-विच्छेद करो :

देश — .... + ... + ... + ...

भारत — .... + ... + ... + ... + ... + ...

मस्तक — .... + ... + ... + ... + ... + ... + ...

धरती — .... + ... + ... + ... + ... + ...

विचार-कौशल........

❖ आपको अपना देश प्यारा क्यों लगता है? सोचकर लिखो।

....

....

....

....

रचनात्मक कार्य........

1. भारत का मानचित्र चार्ट पर बनाकर उसे विभिन्न रंगों से सजाकर कक्षा में लगाओ।
2. देश पर आधारित कोई अन्य कविता/ गीत कंठस्थ कर कक्षा में सुनाओ।